FIRST TERMINAL EVALUATION 2024-2025

1009

Third Language
HINDI

A

STD. X

Time : 90 Minutes
Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> रविवार का दिन था। साहिल अपने घर में नीम के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था। वह एक स्टूल पर चढ़कर झूलता था। अचानक टूटे स्टूल की एक कील साहिल की पिंडली में लग गई। एक इंच गहरा गड्ढा हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में पट्टी बंधवाने के लिए ले जाया गया। उसने देखा कि दो लोगों को छोड़कर आगे बेला खड़ी है।

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

   (क) साहिल अमरूद के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था।

   (ख) साहिल आम के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था।

   (ग) साहिल नीम के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था।

   (घ) साहिल बरगद के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था।

2. साहिल को क्यों अस्पताल ले जाया गया? 2

3. साहिल की पिंडली में चोट लग गई। साहिल की उस दिन की डायरी लिखें। 4

अथवा

अस्पताल में मिले साहिल और बेला के बीच की संभावित बातचीत लिखें।

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> मोरपाल ने मेरे टिफ़िन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था। वह हमारे स्कूल के पंद्रह किलोमीटर दूर के किसी गाँव से साईकिल चलाता रोज़ स्कूल आता था।

4. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें। 1

मोरपाल स्कूल जाता है।	मोरपाल स्कूल जाएगा।
विद्यार्थी पुस्तक पढ़ता है।	विद्यार्थी पुस्तक ....।

5. मोरपाल स्कूल कैसे आता था? 1

6. 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख के आधार पर **चार सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें। 4

- छाछ मिहिर की कमज़ोरी है।
- अंत में कलाम को अपनी मंज़िल मिलती है।
- कलाम हिंदी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पाता है।
- रणविजय ढाणी के राणा का बेटा है।
- मोरपाल की पढ़ाई आठवीं के बाद छूट जाती है।
- स्कूल की छुट्टी होने पर मोरपाल घर पर नाचा करता है।

अथवा

मोरपाल और मिहिर के बीच खाने की अदला-बदली होती थी। यह अनुभव बताते हुए मोरपाल किसी दूसरे मित्र के नाम पत्र लिखता है। वह **पत्र** लिखें।

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत!
क्या जाने; कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए!

7. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) अभिमन्यु (ख) पहिया (ग) दुरूह (घ) रथ

8. कविता में 'मैं' कौन है? 1

(क) महारथी (ख) अक्षौहिणी सेना (ग) ब्रह्मास्त्र (घ) टूटा पहिया

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> वे एक-दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे। "बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।" साहिल ने कहा। "तुमने कुछ सुना बेला?" "हाँ, सुना। पहली घंटी लग गई है।" "लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

10. यहाँ बीरबहूटियों के रंग की तुलना किससे की गई है? 1

(क) पीले फूलों से (ख) रिबन के रंग से (ग) हरे खेतों से (घ) स्याही के रंग से

11. साहिल और बेला क्यों दुकान गए? 1

(क) मिठाई के लिए (ख) कॉपी के लिए

(ग) बस्ते के लिए (घ) स्याही के लिए

12. सही विकल्प चुनकर वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(खेत में, स्कूली)



13. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> "व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था" कहते ही वे "जानने" की हमारी उस जानी-पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

14. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) वह + के = उसके (ख) ये + के = उसके

(ग) यह + के = उसके (घ) वे + के = उसके

15. कवि के अनुसार किसीको जानने का असली आधार क्या है? 2

16. सही मिलान करें। 4

व्यक्ति को उसके नाम, पता आदि से जानना	मुसीबत में है।
विनोदकुमार शुक्ल की भाषा	मनुष्यता का अहसास होना है।
सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति	स्पष्ट एवं सरल है।
दो मनुष्यों के बीच	रूढ़िग्रस्त आधार है।

अथवा

संकेतों की सहायता से जीवन में **'परोपकार का महत्व'** विषय पर लघु लेख लिखें।

- दूसरों को जानना
- आवश्यक सहायता करना
- हमदर्दी
- मनुष्यता

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 17 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> नील माधव पांडा की 'आई एम कलाम' देखते हुए मुझे अपना बचपन बहुत याद आया। क्योंकि यह फ़िल्म भी उन्हीं विलोमों के बारे में बात करती है जिनसे मेरे बचपन के सब किस्से बने हैं। हमारा नायक 'कलाम' चाय की दुकान में काम करता है। उसका सपना है स्कूल जाना और टीवी में देखे लंबे बालोंवाले राष्ट्रपति 'कलाम' सा बनना।

17. कलाम का सपना क्या था? 1

(क) स्कूल जाना (ख) अभिनेता बनना (ग) विदेश जाना (घ) गाँव जाना

18. 'आई एम कलाम' फिल्म का निर्देशक कौन है? 1

(क) मिहिर (ख) नील माधव पांडा (ग) प्रभात (घ) धर्मवीर भारती

19. जुलाई 31 प्रेमचंद जयंती है। इस अवसर पर आपके स्कूल के हिंदी क्लब के नेतृत्व में 'आई एम कलाम' फिल्म की प्रदर्शनी चलाने का निश्चय किया गया है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें। 4